# फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति व संपर्क पोर्टल के प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आवश्यक सेवाओं की जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला कलेक्टर शर्मा ने ऊर्जा विभाग को कुसुम योजना, रसद विभाग को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में लम्बित अपीलों का निस्तारण करने, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को मां योजना व प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, यूडीआईडी कार्ड जारी करने, कृषि विभाग को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पंचायत राज विभाग को स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित अन्य योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना में नगर परिषद द्वारा अग्रेषित किये गये ऋण स्वीकृति के आवेदनों का 31 जुलाई तक अधिक से अधिक जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाने के लिए अग्रणी जिला प्रबंधक को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का मिशन मोड में त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करें। वन, परिवहन, खनिज, शिक्षा व उद्योग विभाग को औसत निस्तारण समय 2 दिन से अधिक है, उसे कम करने का प्रयास करें। बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान, स्वच्छ भारत मिशन शहरी, लाडो प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिला कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली।

जिला कलेक्टर शर्मा ने कहा कि जिले में हरियाली अमावस्या (24 जुलाई) व जिला स्तरीय वन महोत्सव (27 जुलाई) के दौरान हरियालों राजस्थान तहत वृक्षारोपण को अभियान के रूप में शिक्षा, वन,चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज को अधिकाधिक पौधारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग को जिले में मानसून के दौरान बरसात से जलभराव वाले नेछवा, नानी की बीड़, राधाकिशनपुरा अण्डरपास सहित अन्य स्थलों पर स्थायी साइनेज बोर्ड लगाने ऐसे क्षेत्रों में जल निकासी के लिए मडपम्प लगाकर स्थायी समाधान करने, क्षितग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को ब्लॉक श्रीमाधोपुर, नेछवा, पाटन, धोद जिनका पेंशन सत्यापन कम है को इस सप्ताह के अंत तक शत-प्रतिशत करने एवं नेछवा 1110, खण्डेला 1609, नीमकाथाना 3182 ब्लॉक में पौधारोपण में जीओं टेंकिंग नहीं हुई है उसे आज ही करना सुनिश्चित करें।

जिला कलेक्टर ने उच्च शिक्षा विभाग के प्राचार्य को बैठक में

■ बैठक में अनुपस्थित रहने पर उच्च शिक्षा विभाग के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये

अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही सभी विभागों को आगामी कलेक्टर,एसपी कॉन्फ्रेंस के लिए अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट व सुझाव तैयार करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने वंदे गंगाजल अभियान व पंडित दीनदयाल अन्त्योदय संबल शिविरों में शुरू हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, आईसीडीएस व पशुपालन विभाग को अपने पौधारोपण के लक्ष्यों को अर्जित करने तथा पौधारोपण की जियो-टैगिंग कराने के निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, संयुक्त निदेशक डीओआईटी सत्यनारायण चौहान,डीटीओ ताराचंद बंजारा, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अरूण जोशी, पीडब्ल्यूडी जेपी यादव, जलदाय आरके राठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# राजलदेसर में जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने गैनाणी का निरीक्षण किया

चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा राजलदेसर के दौरे पर रहे।

**राजलदेसर** (निसं)। चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा सोमवार को राजलदेसर के दौरे पर रहे। उन्होंने बरसाती पानी की निकासी के लिए उपस्थित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिया। साथ उन्होंने गैनाणी राजा कोठी व कब्रिस्तान के पास स्थित गैनाणी का भी निरीक्षण किया।

उपस्थित अधिकारियों को पानी की निकासी का पुख्ता इंतजाम रखने एवं जहां जहां पानी की निकासी की समस्या है वहां अतिरिक्त जनरेटर सेट लगाकर पानी की निकासी करवाने की बात कही।

इस अवसर पर रतनगढ़ एसडीएम रामकुमार वर्मा, राजलदेसर तहसीलदार जितेंद्र सिंह, अधिशासी अधिकारी कुंदन देथा थाना प्रभारी कमलेश सैनी साथ ही विद्युत विभाग, जलदाय विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपस्थित अधिकारियों ने पंप चालक लालचंद माली की प्रशंसा व्यक्त की।

वहीं मुरलाई बास के लोगों ने जलभराव को लेकर जिला कलेक्टर को अवगत करवाया। जिस पर जिला कलेक्टर के आदेश पर तहसीलदार जितेंद्र सिंह व अधिशासी अधिकारी कुंदन देथा , जेईएन भरत गौड ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया । नगर पालिका के पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोहनलाल मेघवाल, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष जब्बार खोखर, पार्षद नबी बक्श, मिर्जाराम मेघवाल भी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### एनीमिया जांच शिविर आज

**पाटन** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांवड़ी में कल मंगलवार 22 जुलाई को निःशुल्क एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। गौशाला अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता मनोज गुप्ता के अनुसार इस शिविर का आयोजन भारत विकास परिषद,शाखा नीमकाथाना द्वारा ''एनीमिया मुक्त भारत सेवा प्रकल्प के अंतर्गत किया जाएगा जिसमें विद्यार्थियों एवं महिलाओं के रक्त की जांच कर जरूरतमंदों को दवाइयां वितरित की जायेगी। शिविर में शाखा अध्यक्ष डॉ जी एस तंवर, महासचिव दिनेश गोयल, वित्त सचिव नितेश अग्रवाल सहित परिषद के काफी सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आज

**बीदासर** (निसं)। छापौला भवन डडीबा में आज मंगलवार को गोमती देवी रामदेव राम छापौला की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र नागरमल, महावीर प्रसाद, कन्हैया लाल छापौला द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजन किया जाएगा। गिरधारी लाल प्रजापत ने बताया कि इस शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर एवं जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के सहयोग से लगने वाले शिविर में आंखों के रोगियों की आधुनिक मशीनों से जांच कर आपरेशन हेतु चयन किया जाएगा। शिविर का समय प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक रहेगा।

### प्रवेश उत्सव संपन्न

**सीकर,** (निसं)। सांवली मार्ग, 21 जुलाई 2025 आदर्श विद्या मंदिर, सांवली मार्ग, सीकर में आज नवीन प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने नवप्रवेशी छात्रों और उनके अभिभावकों का तिलक, पुष्पवर्षा एवं मिठाई वितरण के साथ आत्मीय स्वागत किया।

### कार्यशाला का आयोजन आज

**सीकर,** (निसं)। जिला परिषद, सीकर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव ने बताया कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान 2025-26 के अंतर्गत स्वीकृत क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण गतिविधियों के तहत पंचायत उन्नित सूचकांक ( 2.0) विषय पर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 22 जुलाई 2025 (मंगलवार) को प्रातः 9.30 बजे जिला परिषद सभागार सीकर आयोजित की जायेगी।

### आज होगा लोकार्पण

**चिड़ावा,** (निसं)। व्यापार मंडल चिड़ावा के अध्यक्ष व समाजसेवी महेश मालानी की ओर से मास्टर हजारीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में जलकूप और शीतल जल के लिए प्याऊ का निर्माण करवाया गया है। जिसका लोकार्पण मंगलवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा।

# एक हजार धतूरों से भूतनाथ बाबा का श्रृंगार किया

**बीदासर** (निसं)। सावन के दूसरे सोमवार व कामिका एकादशी के अवसर पर दरीबा के भूतनाथ बाबा महादेव मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सोमवार की पूर्व संध्या पर शिवलिंग का शिव भक्तों द्वारा एक हजार धतूरों से विशेष श्रृंगार किया गया। वही भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए शिव भक्त रोजाना रुद्राभिषेक करवा रहे है।

वही कस्बे के अन्य शिवालयों में बाबा भोलेनाथ के जय जयकारों से गुंज उठा। कस्बे के मुख्य बाजार स्थित शिवालय, भूतनाथ महादेव मंदिर, दरीबा के बाबा भूतनाथ महादेव मंदिर, बैरी चौक स्थित हनुमान मंदिर शिवालय, बाबा भोलेनाथ अखाड़ा शिवालय, उतरादा बास गोगा मेड़ी शिवालय, वार्ड एक स्थित राठौड़ शिव मंदिर सहित अनेक शिवालयों में सुबह से ही शिव भक्तो का आने का क्रम शुरू हो गया। शिव भक्तो ने भोलेनाथ को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

**उदयपुरवाटी कस्बे के समीपवर्ती बागोरा गांव की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय घांघला की ढाणी में विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक प्रहलाद रॉय मीणा ने की। कार्यक्रम में विद्यालय के भवन की छत की 70 हजार रुपए की लागत से मरम्मत कराने पर गांव के भामाशाह रामलाल सैनी बागोरा का पुष्प माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि विद्यालय के विकास में गांव के भामाशाहों का अहम योगदान होता है, भामाशाह विद्यालय की प्रगति का प्रमुख आधार स्तंभ है। भामाशाह रामलाल सैनी ने कहा कि विद्यालय के विकास में कभी कोई कमी नहीं आने देंगे, विद्यालय विकास में सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। प्रधानाध्यापक प्रहलाद रॉय मीणा ने विद्यालय विकास में सहयोग करने पर भामाशाह रामलाल सैनी का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मिठूराम राठी, महेश चौधरी, कैलाश चौधरी, गोमती चौधरी, सुरेश कुमार वर्मा, माधुरी शर्मा, रामस्वरूप शर्मा आदि मौजूद रहे।**

# जिला कलेक्टर ने राजलदेसर गौशाला का निरीक्षण किया

**राजलदेसर** (निसं)। चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कस्बे की श्री राजलदेसर गौशाला का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने बरसात का पानी संग्रहण के लिए बनाए गए कुंडो का निरीक्षण किया इसके अलावा गो आवास गृह ट्रॉमा सेंटर आदि का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के बाद उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा चलाए हरियालो राजस्थान के तहत भामाशाह ईश्वर चंद तोदी के आर्थिक सौजन्य से 1100 पेड लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने गौशाला में बरसाती पानी के संग्रह के लिए बनाया गया डैम का भी निरीक्षण किया एवं नेपियर घास साथ ही पेड़ पौधों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि कस्बे की श्री राजलदेसर गौशाला चुरू जिले में ही नहीं अपितु राजस्थान के अंदर एक अनूठा उदाहरण है गौशाला की पूरी टीम एवं यहां के भामाशाह के द्वारा जो नवाचार किया

■ वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया

जा रहा है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है साथ ही उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार का लक्ष्य है। बरसात का पानी वेस्टेज ना जाए एवं हरा घास के लिए जो अभियान चलाया है उस अभियान का फॉलो श्री राजलदेसर गौशाला कर रही है। यह एक अनूठा कार्य है इस अवसर पर उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा तहसीलदार जितेंद्र सिंह थाना प्रभारी कमलेश सैनी सहित रतनगढ़ तहसील के अनेकों विभाग के अधिकारी कर्मचारी उनके साथ थे। वहीं गौशाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगतमल पाण्डिया, मंत्री ललित दाधीच, हनुमान सोनी, कोषाध्यक्ष परमेश्वर फोगला, रतनलाल बारूपाल, मुकेश श्रीमाल, रोहित मारू, अजीत सुथार, महावीर पारीक सहित गौशाला के सदस्य उपस्थित रहे।

# आशा सहयोगिनियों ने रैली निकाली, विरोध प्रदर्शन किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। आशा सहयोगिनी यूनियन (सीटू) की साथिन सूचना केंद्र पर इकट्ठा हुई। जहां से रैली के रूप में चलकर रामदेव करणीराम पार्क से होते हुए भगत सिंह सर्किल से वापस घूमते हुए शहीद स्मारक के आगे से होते हुए जिला मुख्यालय पर पहुंची। जहां पर आशा सहयोगिनियों ने नारेबाजी के साथ जबरदस्त प्रदर्शन किया। इसके बाद रैली विशाल जनसभा में बदल गई। सभा को संबोधित करते हुए सीपीएम जिला सचिव कॉमरेड राजेश बिजारणिया ने कहां कि आशा सहयोगिनियों को वेज के रूप में बहुत ही कम राशि मिलती है। जो उनके साथ बहुत बड़ा अन्याय है। सरकार को कम से कम 26000 रुपए महीना वेज करना चाहिए जो इनका अधिकार है।

आशा सहयोगिनी यूनियन सीटू की जिलाध्यक्ष मंजू लालपुरिया ने कहा कि उनसे टीबी मरीजों के बलगम के सैंपल लेने के लिए कहा जाता है जो कि आशा सहयोगिनियों का काम नहीं है। इसके लिए हर पीएससी पर एक प्रशिक्षित कर्मचारी नियुक्त है। उससे काम नहीं करवाकर आशा सहयोगिनियों से करवाया जाता। जो आशा सहयोगिनी टीबी मरीजों के बलगम का सैम्पल लेती। वहीं आशा सहयोगिनी फिर नवजात शिशुओं का टीकाकरण करती है। जिससे नवजात शिशु के संक्रमित होने का बहुत बड़ा खतरा होता है। इस लिए रैली में आई हुई सभी आशा सहयोगिनियों ने जिलाध्यक्ष का एक स्वर में समर्थन किया और भरोसा दिलाया कि नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले में कोई भी आशा सहयोगिनी टीबी मरीजों के बलगम का सैंपल नहीं लेगी। यह का वही कर्मचारी करेगा। जो इस कार्य के लिए प्रशिक्षित है तथा जिम्मेदार है। संगठन की चिड़ावा ब्लॉक अध्यक्ष अनू पारीक ने कहा कि हमारा ड्यूटी का समय निर्धारित किया जाए व ड्यूटी समय के बाद काम के बाध्य नहीं किया जाए। यह बर्दाश्त से बाहर है। हमारे भी घर परिवार है और सामाजिक जिम्मेदारियां भी है। जिनका भी निर्वहन करना होता है। खेतडी ब्लॉक से पूनम ने कहा कि आशा सहयोगिनियों से उनका मूल काम न करवाकर एएनएम अपना काम करवाती हैं।

# अभिरुचि की अभिव्यक्ति निरस्त

**सीकर,** (निसं)। नगर परिषद आयुक्त शशीकांत शर्मा ने बताया कि 20 फरवरी 2025 को जारी की गई अभिरुचि की अभिव्यक्ति को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में आवेदित संस्थाएं अपनी प्रतिभूति राशि 10,000 रूपये का डिमांड ड्राफ्ट नगर परिषद, सीकर से प्राप्त कर सकते हैं।


**बेदखली सर्वसाधारण सूचना**

मै केशरा राम उम्र 47 साल पुत्र श्री फूलाराम जाति नायक निवासी बीसलाण तहसील राजगढ जिला चूरू का हूँ जो निम्न कथन शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि:- यह कि बाला मेरी पत्नी है। मेरी पत्नी मेरे कहे अनुसार नही चलती है, आवारा लोगो की संगती मे रहती है और मेरे साथ अनबन रखती है, इस कारण करीब 01 साल से अपने पिहर रह रही है। अब मुझे जानकारी मिली है कि मेरी पत्नी करीब 7-8 दिन से किसी व्यक्ति के साथ लीव-इन रिलेशन मे रहने लग गई है। मेरी पत्नी मेरे कहने में नही है, मेरे से आये दिन झगड़ा फसाद करती है। इस कारण मैने आज दिनांक 18.07.2025 को मेरी पत्नी को मेरी व हमारे परिवार की सम्पूर्ण चल व अचल जायदाद व सम्पति से बेदखल कर दिया है, आज से मेरी पत्नी का मेरी किसी भी प्रकार की सम्पति व जायदाद में किसी भी प्रकार का कोई हक व हिस्सा नही रहा है। मेरी पत्नी के द्वारा किये जाने वाले किसी प्रकार के कोई लेन-देन के जिम्मेवार हम नही होगे लेन देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होगे, हमारे घर परिवार से मेरी पत्नी का कोई लेना देना नही रहा है। मेरी पत्नी के द्वारा किसी प्रकार का लेन देन करने, वाद-विवाद या झगड़ा-फसाद करने पर या अन्य कोई भी गलत काम करने पर व कोई मुकदमा वाजी या आपराधिक घटना कारित करने पर मेरे व मेरे परिवार की काई जिम्मेवारी नही होगी। मै सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि सूचित रहे।

शपथग्रहिता-केशरा राम


# श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का दूध से अभिषेक किया

**चूरू के वार्ड नंबर 31 में शिव कॉलोनी स्थित शिवालय स्वयं ज्योतेश्वर शिव मंदिर चूरु में सोमवार को रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

**चूरू** (निसं)। चूरू के वार्ड नंबर 31 में शिव कॉलोनी स्थित शिवालय स्वयं ज्योतेश्वर शिव मंदिर चूरु में सोमवार को रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंडितों ने मंत्रौचार के साथ पूजा अर्चना करवाई। यजमान पवन सैनी भगत व महेश कुमार पुरोहित ने सपत्नीक पुजा अर्चना की।

इस अवसर पर भगत पवन सैनी ने बताया कि सावन माह के महिने में हर वर्ष श्रद्धालुओं द्वारा रुद्राभिषेक किया जाता है। सोमवार को श्रद्धालुओं ने रूद्राभिषेक कर घर-परिवार व समाज की खुशहाली के लिए प्रार्थना की उन्होंने बताया कि यह पूजा मानसिक शांति प्रदान करती है और जीवन में धन-संपदा, स्वास्थ्य और समृद्धि लाती है। रुद्राभिषेक से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और ग्रहों के दोष शांत होते हैं। विशेषकर सावन मास और शिवरात्रि के दिन यह अनुष्ठान अत्यंत फलदायी माना जाता है। रुद्राभिषेक से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, बाधाएं कम होती हैं और भक्तों को भगवान शिव की अनंत कृपा प्राप्त होती है। सावन के पवित्र महीने में रुद्राभिषेक करना अत्यंत शुभ और लाभकारी माना जाता है।

इस अनुष्ठान से शिवजी प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती भक्तों ने भगवान शिव का दूध,जल, बेलपत्र, आक से रुद्राभिषेक किया। इस अवसर पर पुजारी गोपाल शर्मा, पवन कुमार सैनी भगत, महेश कुमार पुरोहित, नरेश चूलेट, मुकेश शास्त्री, सुशील कुमार शर्मा, रघु शर्मा, हरिराम स्वामी, सुरेश भार्गव, शिवम्, हेमंत शर्मा, संजय कुमार, ललिता देवी, सुलोचना देवी, रतनी देवी, ममता, पायल शर्मा, सपना सैनी, दिव्या शर्मा, सुषमा शर्मा, शिवम शर्मा सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

# जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**सीकर,** (निसं)। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजेन्द्र चौधरी के निर्देशन में तथा पिर्या बीएड शिक्षण संस्थान की प्राचार्या सुमित्रा चौधरी के समन्वय से बीएड में अध्ययनरत छात्राओं के लिए सजग लाडो अभियान के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना की प्रबंधक नीलम कुमारी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, लाडो प्रोत्साहन योजना, लैंगिक भेदभाव की समाप्ति, भ्रूण हत्या रोकथाम, तथा बालिकाओं की शिक्षा व सामाजिक अधिकारों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं के जन्मदर में सुधार, समाज में समानता की भावना विकसित करने व विभिन्न महिला सशक्तिकरण योजनाओं जैसे कालिबाई भील महिला संबल शिक्षा सेतु, मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, सखी केंद्र, एमएसएसके केंद्र एवं पीएसएसके केंद्र की जानकारी भी साझा की। कार्यशाला में एडवोकेट कृष्णा सोनी ने महिलाओं के अधिकारों व कानूनों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 व कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतितोष व प्रतिशोध) अधिनियम 2013 की मुख्य धाराओं व महिलाओं के कानूनी संरक्षण के उपायों पर जानकारी देकर जागरूक किया।

# शिवालय में भगवान शिव का अभिषेक किया

**उदयपुरवाटी** (निसं)। सावन के दूसरे सोमवार को शहर के कई शिवालयों में शिव भक्तों का पूजा अर्चना करने के लिए तांता लगा रहा। शिव भक्तों द्वारा दूर दराज के तीर्थ स्थलों से लेकर आए पवित्र जल से भगवान शंकर का अभिषेक किया। प्राचीन शिव मंदिर खांडेश्वर धाम,बाबा शेष राम की बगीची में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से दोपहर तक भोले शंकर का अभिषेक और पूजा अर्चना का दौर चलता रहा । शिवालयों को शिव भक्तों द्वारा फूल मालाओं और रोशनी से सजाया गया। बाबा शेषराम की बगीची में प्राचीन शिव मन्दिर, नई सब्जी मंडी से स्थिति शिवालय, पोस्ट ऑफिस के पास, जमात, तहसील रोड सहित कई शिवालयों में सुबह से ही भगवान शंकर का अभिषेक शुरू हो गया।


**कार्यालय कार्यक्रम अधिकारी एवं विकास अधिकारी पंचायत समिति राजगढ जिला चूरू**

क्रमांक-खुली-निविदा/2025-26/2482-88 दिनांक- 15.07.2025

**खुली बोली सूचना संख्या-02/2025-26**

कार्यालय पंचायत समिति राजगढ के अन्तर्गत कार्यालय में एक वर्ष तक के लिए निम्नांकित वाहन किराये के लिए इच्छुक व्यक्ति/फर्म/कम्पनी से सील बन्द बोली निर्धारित में विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक जो कि वाहन मालिक के रूप में पंजीकृत है वे दिनांक 22.07.2025 को प्रात 11.00 बजे इस कार्यालय में प्राप्त कर सकते है प्राप्त निविदा को उसी दिन दोपहर 2.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा से सम्बन्धित शर्ते विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

**NIB - ZCR2526A0547, UBN - ZCR2526SSOB00866**

विकास अधिकारी
एवं कार्यक्रम अधिकारी
पंचायत समिति राजगढ (चूरू)



प्ररूप-7, (देखिए नियम 16 का उप-नियम(1)

**प्रारंभिक अधिसूचना**

सं..... दिनांक-04.07.2025

भूमि अवाप्ति अधिकारी को ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजन (Construction of RUB at ramnagr tirah churu) के लिए ग्राम खासोली ग्राम तहसील चूरू जिला चूरू में कुल 0.5115 हैक्टेयर भूमि भूमि अपेक्षित है, अर्थात सामाजिक समाघात मूल्यांकन अध्ययन एसआईए यूनिट द्वारा किया गया था और नियम 4 के अधीन यथा विनिश्चित जिला कलक्टर द्वारा गठित दल रा एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी थी/प्रारंभिक अन्वेषण किया गया था। सामाजिक समाघात मूल्यांकन रिपोर्ट रिपोर्ट/प्रारम्भिक जांच का सार इस प्रकार है कि भूमि अर्जन के कारण कुटुम्बो के विस्थपित होने की कोई सम्भावना नहीं है अत उपरोक्त परियोजना के लिये जिला-चूरू, के ग्राम खांसोली में 0.5115 हैक्टेयर भूमि अधिसूचित की जाती है। प्रस्तावित भूमि निम्न प्रकार है।

| क्र. सं. | ग्राम | संपूर्ण क्षेत्रफल (है.) | अधिग्रहण के तहत क्षेत्रफल | खसरा संख्या | भूमि का प्रकार | शीर्ष का प्रकार | हितबद्ध व्यक्तियों का नाम | सीमाओं का विवरण | | | | वृक्षों का विवरण | | संरचनाओं का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | किस्म | संख्या | |
| 1 | . | 0.6311 | 0.1180 | 1561/1319 | बारानी | निजी | नगर परिषद चूरू | - | - | - | - | - | - | - |
| 2 | - | 0.6874 | 0.1795 | 1562/1319 | बारानी | निजी | नगर परिषद चूरू | - | - | - | - | अरडू | 5 | - |
| 3 | खासोली | 1.2646 | 0.2140 | 1131/1129 | बरानी | निजी | गिम्री देवी पत्नी बच्छराम जाति सोनी निवासी चूरू | - - - | - - - | - - - | - - - | पीपल भ्रीम खेजडी | 2 3 1 | दीवार की लम्बाई 40 .00 मीटर एवं उंचाई 2.20 मीटर |

यह अधिसूचना इससे सम्बन्धित सभी व्यक्तियों के लिए भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का अधिनियम संख्यांक 30) की धारा 11 (1) के उपबन्धों के अधीन जारी की गई है।

भूमि से सम्बन्धित रेखांकन भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी चूरू जिला चूरू के कार्यालय और में किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान निरीक्षित किया जा सकता है।

सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित और विनिर्दिष्ट अधिकारी और उसके कर्मचारी वर्ग, को भूमि में प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने, किसी भी भूमि के स्तर लेने, अवमृदा में खुदाई करने या बेघन करने और अपने कार्य के उचित निष्पादन के लिए अपेक्षित सभी अन्य कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई भी व्यक्ति भूमि अवाप्ति अधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार नहीं होने देगा। अर्थात क्रय/विक्रय, आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई भी विल्लगम सृजित नहीं करेगा।

अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन के दिनांक से 60 (साठ) दिनों के भीतर किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में जिला कलक्टर के समक्ष आक्षेप, यदि कोई हो, प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

सक्षम प्राधिकारी भूमि अवाप्ति
(RUB at Ramnagar Tiraha Churu)
तहसील क्षेत्र चूरू (उपखण्ड अधिकारी), चूरू

DIPR/C/10002/2025